तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 अगस्त 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

गड्ढों में खो गई सड़क, स्कूली बच्चों आम नागरिकों को हो रही परेशानी 4



## खबर संक्षेप

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती 19 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार 3 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 6423 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। परिक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में घड़ी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### स्तनपान सप्ताह का 7 तक किया जाएगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन जिले के समस्त परियोजना के आगनबाडी केंद्रो में आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यकम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य शिशुओं को कुपोषण से बचाना और उनके मानसिक शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। थीम अनुसार शिशु वती माताओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को बताया गया कि स्तनपान बच्चों को स्वथ्य रखने का सबसे अच्छा तरीका है यह शिशुओं को पोषण और रोगो से लड़ने से की ताकत देता जिससे दस्त और एनिमिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। स्तनपान से शिशुवती माताओं को स्तन कैंसर, मधुमेय का खतरा को कम करता है तथा 6 माह तक उसके उपरांत 2 वर्ष होने तक उपरी पोषण आहार के साथ तक अनिवार्य रूप से स्तनपान कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान सभी परियोजना अंतर्गत विविध कार्यक्रम किए गए। साथ ही स्तनपान सप्ताह जागरूकता रैली निकाली गई।

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 11 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट एवं वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पुलिस ने चंद घंटो के भीतर किया आरोपी को गिरफ्तार

# कर्ज चुकाने युवक ने बना डाली लूट की मनगढ़ंत कहानी, पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिनदहाड़े 11 लाख 80 हज़ार रुपए की लूट का मामला फर्जी निकला। युवक ने मनगढंत कहानी सुनाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कर्ज चुकाने की नियत से युवक ने अपने मालिक का पैसा पाने ये साजिश रची थी। आरोपी को चंद घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रकम बरामद कर ली गई है। एसपी विजय पाण्डेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया।

जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह थाना में दीपेश देवांगन ने शुक्रवार की शाम 11 लाख 80 हजार की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई। दीपेश ने बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा पूछेली गांव के पास रास्ता रोककर लूट की कहानी सुनाई। उसने पुलिस को बताया कि बाइक सवार नकाबपोश बदमाश रुपए से भरा बैग और लेपटॉप लेकर भाग निकले। दीनदहाड़े लूट की सूचना पर हड़कंप मच गया। जगह-जगह नाकाबंदी कर लुटेरों की खोज की गई। साइबर टीम भी एक्टिव हुई और सीसी टीवी फूटेज खंगाले गए लेकिन घटनास्थल पर लूट के कोई सबूत नहीं मिले। पुलिस ने पूछताछ में दीपेश के बयान में लगातार विरोधाभास पाया और जब कड़ाई से सवाल हुए तो दीपेश के झूठी कहानी की पोल खुल गई। आरोपी दीपेश ने फर्जी लूट को कबूल किया। एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। दरअसल दीपेश धान व्यापारी किरीत सिन्हा के यहां काम करता है। वह शुक्रवार की दोपहर व्यापारी का 11 लाख 80 हजार रुपए लेकर चाम्पा बैंक में जमा कराने निकला। दीपेश की 6 माह पहले ही शादी हुई थी, जिस पर काफी खर्च हो चुका था और उस पर करीब 8 लाख का कर्ज था। मोटी रकम देखकर उसकी नीयत डोल गई। कर्ज चुकाने के लिए उसने लूट का नाटक रचा और पुरा पैसा अपने घर में छिपाकर लूट की झूठी कहानी मालिक व पुलिस को सुना दी। पुलिस ने दीपेश देवांगन के ग्राम चोरिया के घर से लूट की रकम बरामद की। ग्राम चोरिया निवासी 25 वर्षीय दीपेश देवांगन पिता शत्रुघ्न देवांगन को अमानत में ख़यानत और पुलिस को झूठी सूचना देकर भ्रमित करने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया। धारा 217, 316(2) बी एन एस के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त रकम।

### जीत लिया था मालिक का भरोसा

आरोपी दीपेश देवांगन करनौद निवासी किरीत सिन्हा के यहां काम करता था। किरीत सिन्हा का धान के साथ ही छड़ सीमेंट व अन्य व्यवसाय है। दीपेश साल 2018 से उसके यहां एकाउंटिंग और खरीदी बिक्री संबंधित कार्य व रुपए का लेन देन करता था। वह पहले भी कई बार अपने मालिक का पैसा बैंक में जमा करा चुका था। दीपेश ने किरीत सिन्हा का विश्वास जीत लिया था, लेकिन इस बार मोटी रकम देख कर वह लालच में आ गया।

### शुरू से था शक के दायरे में

दीपेश ने दोपहर 1 बजे पूछेली और अमोदी के बीच लूट की वारदात होने की बात पुलिस को बताई थी। घटना स्थल से बम्हनीडीह थाने की दुरी महज 2 किलोमीटर है। दीपेश ने 4 घंटे बाद शाम 5 बजे थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट कराने में देरी को लेकर पहले ही मामला संदिग्ध लग रहा था । पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन घटनास्थल से किसी भी प्रकार की लूटपाट के साक्ष्य नहीं मिले। दीपेश देवांगन के बयानों में विरोधाभास होने व संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से पुलिस का संदेह गहरा हो गया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

# पीआईएल में हुए हादसे के लिए जिम्मेदार दो अधिकारी गिरफ्तार

## औद्योगिक निरीक्षक हेल्थ एंड सेफ़्टी ने किया 8 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुए हादसे के लिए जिम्मेदार दो अधिकारियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। करीब तीन माह तक जांच करने के बाद चाम्पा पुलिस ने कारखाना प्रबंधक और कारखाना अधिभोगी की गिरफ्तारी की है। इधर औद्योगिक निरीक्षक हेल्थ एंड सेफ़्टी ने प्लांट पर 8 लाख का जुर्माना भी किया है।

कोटाडबरी चाम्पा में संचालित प्रकाश इडस्ट्रीज में 12 अप्रैल को इन्डक्सन फर्नेस डिवीजन के फर्नेश क्रमांक 8 में कार्य के दौरान मोल्टन मेटल के फर्नेस से बाहर आने से फ्लोर पर कार्यरत कुल 13 श्रमिक जले थे। फर्नेश में 12 अप्रैल को सुबह 6 बजे रॉ मटेरियल की चार्जिंग की गई थी। सुबह 8 बजे फर्नेश की इलेक्ट्रीकल केबल खराब हो जाने के कारण फर्मेश की हीटींग बाधित हो गई थी। इलेक्ट्रीक केबल की खराबी को सुधारने के बाद दोपहर 3.30 बजे फर्नेश को दोबारा चालू किया गया। फर्नेश की हीटींग बाधित रहने के कारण फर्नेश की ऊपरी सतह पर मोल्टन मेटल व स्लैग जम चुका था। फर्नेश की ऊपरी सतह पर जमें हुए मोल्टन मेटल व स्लैग को तोडने श्रमिकों द्वारा लोहे की बारी से पोकिंग की जा रही थी। इसी दौरान फर्नेश के अन्दर से गर्म मेटल व गर्म गैस तेजी से बाहर की ओर आई जिसकी चपेट में आने से श्रमिक जल गए। मौके पर एसपी समेत पुलिस की टीम पहुंची थी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने पाया यह दुर्घटना कारखाने में कार्य के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन नहीं किये जाने के कारण घटी। कारखाना अधिभोगी संजय जैन तथा कारखाना प्रबंधक उदय सिंह के विरुध्द धारा 287, 289, 125 का अपराध कायम किया गया। विवेचना के बाद प्रबंधन के दोनों अधिकारियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्लांट में हुए घटना के संबंध में कारखाना इंस्पेक्टर हेल्थ एंड सेफ्टी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा प्लांट प्रबंधन की लापरवाही पाए जाने पर 8 लाख का जुर्माना किया गया है।




### दो कर्मचारी की हो चुकी मौत

हादसे में कुल 13 कर्मचारी घायल हुए थे। घायल श्रमिकों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर व भिलाई भेजा गया था। तीन कर्मचारियों को गंभीर हालत में हैदराबाद अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मैनेजर अनूप कुमार चतुर्वेदी की हैदराबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वही एक अन्य कर्मचारी सुरेश कुमार चंद्रा की भिलाई अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। बाकी 11 कर्मचारियों का अभी भी इलाज जारी है।

### वर्षा ऋतु में 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में 15 अगस्त तक मतस्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

# स्मार्ट मीटर का भारी भरकम बिल दे रहा उपभोक्ताओं को झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद भारी भरकम बिल से उपभोक्ताओं की नींद उड़ गई है। स्मार्ट मीटर का बिजली बिल उपभोक्ता को तगड़ा झटका दे रहा है। घरेलू बिजली कनेक्शन में तीस से पैंतीस हजार रूपए बिजली बिल आने से उपभोक्ता खासे परेशान हैं।

सरकार ने बिजली की चोरी रोकने के मद्देनजर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाई है। घरेलू कनेक्शन के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए विशेष फोकस किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाने का काम ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। इधर स्मार्ट मीटर लगते ही आ रहे भारी भरकम बिल से उपभोक्ताओं की नींद उड़ गई है। स्मार्ट मीटर लगने के एक माह बाद जब घरेलू कनेक्शन धारी का बिल आया तो उपभोक्ताओं को जोर का झटका लगा। ग्राम बिर्रा के साहू मुहल्ले में रहने वाले उपभोक्ता दूजेराम पटेल का एक माह में तीस हजार रुपए का बिजली बिल आने से इनके होश ही उड़ गए हैं। वहीं रामखिलावन साहू का भी तीस हजार रुपए बिजली बिल आया है। उपभोक्ताओं का बिजली बिल पहले 4 से 5 सौ रुपए आता था। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद आए बिल से कनेक्शन धारी के होश उड़ रहे हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू कनेक्शन धारी अपने घर में स्मार्ट मीटर लगाने के पक्ष में नहीं है। भारी भरकम बिल आने के बाद उपभोक्ता इसकी शिकायत लेकर विद्युत मंडल कार्यालय के चक्कर काट रहे है। वहीं अन्य उपभोक्ता अब स्मार्ट मीटर लगवाने से कतराने लगे है।



# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर 9 माह पहले बालिका का अपहरण किया था। नाबालिग को राजस्थान ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को नाबालिक बालिका के अपहरण की रिपोर्ट थाना पामगढ मे दर्ज कराई गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहत नाबालिक बालिका को आरोपी भुपेन्द्र कुमार द्वार सुल्तानपुर राजस्थान मे रखा गया है। सूचना पर टीम गठित कर राजस्थान रवाना किया गया, जहां से अपहता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया गया। आरोपी भुपेन्द्र पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी ने अपहरण और अनाचार करना स्वीकार किया। पामगढ़ पुलिस ने ग्राम धाराशिव निवासी 23 वर्षीय भुपेन्द्र कुमार पटेल को धारा 137 (2), 87, 64, 64 (2) (एम), 65 (1) बी.एन.एस. 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

# शिक्षकों की मनमानी, समय पर नहीं पहुंच रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

शासकीय प्राथमिक शाला गोधना में शिक्षकों की मनमानी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निर्धारित समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे है। शिक्षकों की लेटलतीफी से नाराज अभिभावक शिक्षा विभाग के अधिकारी से शिकायत भी कर चुके है।

आदर्श ग्राम गोधना का शासकीय प्राथमिक विद्यालय इन दिनों शिक्षकों की लापरवाही की वजह से सुर्खियों में है। यहां शिक्षकों की मनमानी चल रही है। विद्यालय में प्रधान पाठक विश्वकांत शर्मा सहित तीन शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से एक शिक्षिका इसी गांव की निवासी है, बावजूद इसके कोई भी निर्धारित समय पर स्कूल नहीं आते। बच्चों ने बताया कि स्कूल का समय सुबह 10 बजे तय है, लेकिन शिक्षक रोजाना आधे घंटे या उससे भी देर से पहुंचते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि स्कूल के मुख्य गेट की चाबी एक स्थानीय व्यक्ति को दे दी गई है, जो गेट तो खोल देता है, लेकिन शिक्षक नहीं रहने से स्कूल का कार्यालय बंद ही रहता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों के समय पर उपस्थित नहीं होने के कारण बच्चे इधर उधर खेलकूद कर समय व्यतीत करते रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। करीब एक माह पहले भी शिकायत की गई थी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने शिक्षकों की मनमानी पर लगाम कसने और कार्रवाई की मांग की है।



निर्धारित समय पर स्टाफ रूम में लगा ताला

### मिली है शिकायत

गोधना स्कूल के शिक्षकों के लेटलतीफी की शिकायत मिली है। मामले को संज्ञान में लेकर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

- भूपेंद्र कश्यप, बीईओ, नवागढ़

# गेमन पुल से महिला ने नदी में लगाई छलांग, मछुआरों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा नगर स्थित गेमन पुल से शनिवार 2 अगस्त को एक महिला ने हसदेव नदी में छलांग लगा दी। महिला ने खुदखुशी करने के लिए छलांग लगाई, लेकिन वहां मौजूद मछुआरों ने उसकी जान बचा ली। महिला ग्राम हरदी अमोदा की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि वह पारिवारिक तनाव, विशेष रूप से पति से परेशान होने के कारण मानसिक रूप से व्यथित थी। घटना के समय नदी में मछली पकड़ रहे नाव में सवार स्थानीय मछुआरों ने महिला को डूबते हुए देखा और तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे बाहर निकाल लिया। सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। फिलहाल महिला से पूछताछ जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

# गलत काम करने वालों को दंड तो बेहतर प्रदर्शन पर मिलेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाने एसपी ने नई पहल की है। अब हर माह बेहतर प्रदर्शन करने वालों का सम्मान किया जाएगा। इसकी शुरुआत इस महीने से हो गई है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर पुलिस की छवि खराब करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई भी की जा रही है। हालही में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

पुलिस की छवि को सुधारने एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने काम शुरू कर दिया है। बेहतर पुलिसिंग के लिए काम के प्रति कर्मचारियों को जहाँ प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं गलत काम करने वालों पर कार्रवाई की गाज गिर रही है। दो माह के भीतर एसपी ने दर्जनभर पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। हालही में बम्हनीडीह थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुनिल टैगोर और पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक राहुल दास महंत को निलंबित किया गया है। इधर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी सेवा पुस्तिका में प्रशंसा अंकित की गई। जुलाई माह के बेहतर कार्य के आधार पर उत्कृष्ट पुलिसकर्मी पुरस्कार दिया गया। पामगढ थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा और ए एस आई संतोष बंजारे को ऑपरेशन मुस्कान के तहत अलग अलग जगहों से 11 अपहत गुम नाबालिक को सकुशल दस्तयाब करने पर सम्मानित किया गया। यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरुकता कर उल्लेखनीय कार्य करने पर निरीक्षक लालन पटेल, प्रधान आरक्षक अनुराग सिंह का सम्मान किया गया। इसी प्रकार उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू थाना अकलतरा, प्रधान आरक्षक रेमन सिंह थाना सारागांव, प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा थाना जांजगीर, महिला प्रधान आरक्षक बालमती यादव थाना मुलमुला, महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर थाना नवागढ़, आरक्षक जयप्रकाश व गौकरण राय थाना अकलतरा, आरक्षक सुरेश रत्नाकर व अजय भानु थाना जांजगीर, आरक्षक दीपक तिवारी थाना बिर्रा, आरक्षक लखेश विश्वकर्मा थाना पामगढ़ को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट पुलिसकर्मी पुरस्कार प्रत्येक माह दिया जाएगा। माह भर में अच्छे एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।



उत्कृष्ट कार्य करने पर एसपी के हाथों सम्मानित हुए पुलिसकर्मी।

MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE



किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज –बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### देवेन्द्र सिंह होंगे पुसौर के नए सीएमओ

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में सीएमओ के पद पर एसके दुबे दो बार पदस्थ हुए, जिसमें इनका पहले का कार्यकाल लगभग दो साल का रहा है और वर्तमान लगभग डेढ वर्ष तक अपनी सेवाएं देने के बाद ये सेवा निवृत्त हुए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने साल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन बिताने की शुभकामनाएं दी। वहीं इसी कार्यक्रम के बीच ही किरोडीमल नगर पंचायत के सीएमओ देवेन्द्र सिंह ने पुसौर सीएमओ का पदभार ग्रहण किया। जानकारी के मुताबिक पुसौर में एसके दुबे का दो कार्यकाल लगभग साढे तीन साल का रहा इस बीच कहीं किसी प्रकार का किसी जनप्रतिनिधि अथवा आम जनता के साथ कोई शिकायत नहीं रही। नवपदस्थ सीएमओ सिंह ने नगर के पदाधिकारियों को मुखातिब होकर कहा कि परिषद सर्वोपरि होता है। जनभावनाओं का आदर करते हुए नगर हित में निर्णय लिए जाएंगे जिसमें निष्पक्षता और संतुलन अवश्य ही रहेगा।

### नपं लैलूंगा में मुक्तिधाम का होगा निर्माण

**लैलूंगा।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर नगर पंचायत लैलूंगा में मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए डीएफएफ फंड से 1 करोड़ 17 लाख 47 हजार 962 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्थानीय लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह महत्वपूर्ण स्वीकृति लैलूंगा क्षेत्र की जनसुविधा एवं सामाजिक संरचना को और सुदृढ़ करेगी।

### बांसउरकुली में बच्चों को स्लेट और पेंसिल वितरित

**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली में गरीब तथा आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चों को निःशुल्क स्लेट और पेंसिल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई की आधारभूत सामग्री उपलब्ध कराना और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना है। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानपाठक एवं शिक्षकों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने बच्चों को स्लेट एवं पेंसिल सौंपते हुए कहा कि यह सामग्री उन्हें प्राथमिक शिक्षा में मदद करेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। वितरण के पश्चात कई बच्चों ने बताया कि इससे उनकी पढ़ाई आसान होगी और वे अपनी सामग्री खुद संभाल सकेंगे। स्कूल के शिक्षक जितेन्द्र गिरि गोस्वामी ने कहा यह न केवल सामग्री प्रदान करने की पहल है बल्कि यह बच्चों की आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। शिक्षा हर बच्चे का हक है और यह कदम उस हक को सच करने की दिशा में है।

### खरसिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**खरसिया।** रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु विशेष पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। इस पहल के तहत ग्राम पंचायत जोबी में 500 और ग्राम पंचायत नावापारा पश्चिम के चारागाह में 480 पौधों का रोपण कर प्रधानमंत्री आवास वाटिका का निर्माण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, पंच, सरपंच, रविन्द्र गबेल, महेश साहू, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा भी पौधरोपण करते हुए आवास वाटिका का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर समय पर आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों का उन्मुखीकरण किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधों के संरक्षण, देखभाल तथा वाटिका के महत्व के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

## जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत में खराब गुणवत्ता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

# आंबा केंद्रों में बिजली, खेल सामग्री व अन्य मूलभूत सुविधाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविरों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही शिविरों में पेयजल, टेंट और विद्युत जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, पंखाए खेल सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जर्जर एवं भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली और सूची भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत कार्यों की खराब गुणवत्ता और अधूरे रंग रोगन की जानकारी मिलने पर सख्त रुख अपनाते हुए जिम्मेदारों पर जांच उपरांत कार्रवाई की बात कही। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप, सभी सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### मातृ वंदना योजना की प्रगति पर जताया संतोष

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए जिले की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान काम न कर पाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई करना है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पहले बच्चे के जन्म पर महिला को दो किश्तों में कुल पांच हजार रुपए दिए जाते हैं। वहीं दूसरी संतान बालिका होने पर एकमुश्त छह हजार रुपए का प्रावधान है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक सुनिश्चित किया जाए और शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास जल जमाव की स्थिति न बने

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास बारिश के दौरान जल जमाव की स्थिति न बनने देने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को जल जनित रोगों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी आँगनबाड़ी के आसपास जल जमाव की स्थिति हो तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए चल रहे हमर स्वस्थ लइका अभियान की भी जानकारी लेते हुए जिले में इसका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण ट्रैकर की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीडीपीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां बच्चों की उपस्थिति कम है वहां विशेष प्रयासों से उपस्थिति बढ़ाई जाए।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा आज, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 3 अगस्त को प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त को होने जा रही प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का समय प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि प्रवेश के दौरान उनकी जांच फ्रिस्किंग एवं सत्यापन कार्य किया जा सके।

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10.30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा, इसके बाद एंट्री नहीं होगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला कर्मी से फ्रिस्किंग जांच का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। रायगढ़ जिले में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिले से 6009 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिए जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में सिर्फ चप्पल पहनने के निर्देश हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस पेन कार्ड आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से ले कर परीक्षा केंद्र में जाए।

## 5 को चन्द्रपुर के श्याम मंदिर में झूलनोत्सव का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

खाटू श्याम भजन संध्या, एक ऐसा अद्वितीय आध्यात्मिक आयोजन है जो न केवल भक्तों को संगीत और भक्ति की मधुर धुनों से सजीव करता है, बल्कि उनके दिलों में एक ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है, जो शब्दों से कहीं अधिक गहरी और अर्थपूर्ण होती है। यह आयोजन केवल एक संगीत सभा नहीं है, बल्कि एक ऐसा पवित्र मंच है जहां भक्तों की भावनाएं सीधे बाबा श्याम के चरणों तक पहुंचती हैं। इस आयोजन के जरिए लाखों श्रद्धालु एक दूसरे से जुड़े होते हैं, और इसे भक्तिए प्रेम और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम माना जाता है।

आने वाली श्रावण पुत्रदा एकादशी 5 अगस्त को मां चंद्रहासिनी की पावन धरा चंद्रपुर के श्री श्याम मंदिर में श्याम सेवक संघ चंद्रपुर द्वारा ऐसा ही एक भव्य



आयोजन श्याम झूलनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्री श्याम प्रभु का हरित श्रृंगार होगा पूजा अर्चना होगी और संध्या में 7 बजे से बाबा के भजन का कार्यक्रम रखा गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में बाबा को रिझाने एवं भक्तों की बात अपने भजनों के माध्यम से बाबा तक पहुंचाने प्रसिद्ध भजन गायक गौरव दत्त तिजारा से और प्रियांशु मित्तल रायपुर से आ रहे हैं। श्याम प्रभु की निशान यात्रा शाम 5 बजे गोपाल महाप्रभु मंदिर से शुरू होकर श्याम मंदिर तक जाएगी। सेवक संघ से मिली जानकारी के अनुसार भजन में आने वाले भक्तों के लिए रात्रि में श्याम रसोई का आयोजन किया जा रहा है। भक्तों द्वारा बाबा की सेवा के रूप में प्रसाद और दरबार की सजावट के लिए तो कहीं से छप्पन भोग और बाबा के पान और श्रृंगार की सेवा मिली है जिसको श्याम सेवक संघ ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। बाबा को झूलाने के लिए झूले की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन को लेकर लोगो में खासा उत्साह है। श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट मंडल ने भी इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि युवाओ द्वारा सामने से आ कर बाबा की सेवा में भजन देने की ये सोच सराहनिय और प्रशंसनीय है। श्री श्याम सेवक संघ ने भी मंदिर ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए इस निवेदन को स्वीकार करने और इस आयोजन में मंदिर ट्रस्ट मंडल के अहम सहयोग भूमिका के लिए मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया है।

## कलेक्टर ने बरमकेला में देखी मिर्च और पामऑयल की खेती

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने शुक्रवार को बरमकेला ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जामदलखा गांव में मिर्च और पामऑयल की संयुक्त खेती का निरीक्षण कर किसान श्रीमन भोई से सीधा संवाद किया। उन्होंने महुआ पेड़ के नीचे क्षेत्र के किसानों के साथ चर्चा कर परंपरागत धान फसल के स्थान पर जैविक खेती और लाभकारी नकदी फसलों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित किया। किसान ने 5 एकड में खेती की है। उसे इस खेती के लिए अब तक 32



हजार का लाभ मिल चुका है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर मिर्च की खेती की स्थिति का जायजा लिया और किसानों से उत्पादन, बाजार मूल्य, कौन से बाजार में बिक्री और लागत से संबंधित जानकारी प्राप्त की और इसे संभावनाओं से भरी खेती बताया। कलेक्टर कन्नौजे ने मौके पर उपस्थित किसानों को बताया कि जलवायु और मिट्टी की स्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र में फसल विविधीकरण की भरपूर संभावनाएं हैं। जैविक खेती और फसल बदलाव से न केवल आय में वृद्धि हो सकती है, बल्कि भूमि की गुणवत्ता भी बनी रहती है। सरकार धान के बदले अन्य दहलन तिलहन की फसल लेने पर अनुदान दे रहा है उसका भी लाभ सभी किसान उठाएं। इससे भूमि की उपजाऊ भी बना रहेगा और अनुदान की राशि भी खेती में सहायक होगा।

## अभिनव स्कूल में मनाया गया संबलपुरी डे

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचा रायगढ़ जिला ओड़िशा राज्य में शामिल रहा और वह संबलपुर जिला अंतर्गत आता था इस आशय से इस क्षेत्र में आज भी लोग ओडिया बोलने-लिखने के साथ ही इसकी संस्कृति को निभाते हुए आ रहे हैं।

इसमें खासकर खानपान और कपड़े भी होते हैं जिसे क्षेत्र के लोग बड़े ही शौक से अंगीकार करते हैं। छत्तीसगढ़ के बोरे बासी दिवस और ओडिशा के पखाल दिवस इस बात का द्योतक है कि दोनों प्रदेश की खानपान में भी विशेष अंतर नहीं हैं। इसमें ओडिशा संबलपुर के संबलपुरी कपड़े, साड़ी, गमछा, धोती, सूट आदि देश के कई प्रदेशों में काफी लोकप्रिय है और लोग बड़े



ही उत्साह और गर्व के साथ उपयोग में लाते रहे हैं। इसलिए पश्चिम ओड़िशा क्षेत्र में 1 अगस्त को मनाए जाने वाले उक्त संबलपुरी दिवस को अपने छात्रों के साथ पारंपरिक रिति रिवाज अनुसार मनाया गया। जिसमें प्रथमपाली के प्रायः सभी छात्र एवं स्टाफ संबलपुरी वस्त्र पहने मिले और संबलपुरी लोक गीत और नृत्य आदि के साथ उक्त संबलपुरी दिवस को गौरवपूर्ण ढंग से पालन किया गया।

### शाउमावि कटाईपाली सी में पौधरोपण संपन्न

**रायगढ़।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता व पेड़ों के महत्ता व उपयोगिता को प्रतिपादित करते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम पर एवं द्रौपदी रामदास फाउंडेशन रायगढ़ के पर्यावरण संरक्षण महाअभियान के संयुक्त तत्वावधान में फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण महाअभियान का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के नर्सरी हेड श्रीराम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा यह अभियान सतत चलते रहता है और जहां पर भी ऐसा अवसर मिलता है हम सहयोग करते है, लेकिन आज का यह अभियान हमारे लिए अदभुत है।

## चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अशोक

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ चेम्बर एंड कामर्स इंडस्ट्रीज द्वारा वर्ष 2025- 2028 के लिए प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। चेंबर की प्रदेश कार्यसमिति में नगर के जुझारू एवं व्यापारियों के हितों के साथ हमेशा उनके कंधे से कंधा मिलाने वाले कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष बने हैं।



श्री अग्रवाल के प्रदेश चेंबर उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री गिरधर गुप्ता, छाया विधायक महेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, चेंबर पदाधिकारियों, नगरवासियों सहित व्यापारियों ने अपनी बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि खरसिया नगर के प्रतिष्ठ फर्म दीपक टेडर्स के संचालक एवं कृषि उपज मंडी सदस्य अशोक कुमार अग्रवाल एवं नगर के अन्य 25 व्यापारियों द्वारा चेंबर का कार्य प्रारंभ किया गया था। जो आज एक वटवृक्ष बन चुका है। आज चेंबर में 189 सदस्य है। नगर में चेंबर को नाम व पहचान दिलाने में अशोक अग्रवाल की महती भूमिका रही इसे कोई नकार नहीं सकता। इसके पश्चात चेंबर द्वारा अशोक अग्रवाल को खरसिया नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया जिसे वे लगातार संभालते हुए आ रहे थे। किंतु इसी बीच चेंबर स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें नगर के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही थी तब चेंबर आफ कामर्स खरसिया नगर के अध्यक्ष होने के नाते अशोक अग्रवाल ने इस कार्यवाही का विरोध किया एवं स्थानीय प्रशासन से कोई बीच का रास्ता निकालने का काफी प्रयास किया किंतु इस प्रयास में सफल नहीं हो पाने पर अशोक अग्रवाल ने नगर के व्यापारियों के हित में कार्य कर पाने में अपने आपको असमर्थ महसूस करते हुए दुखी मन से अपना इस्तीफा सौंप दिया किंतु उन्होंने चेंबर आफ कामर्स का साथ नहीं छोड़ा और एक सामान्य सदस्य होने के नाते इन्होने नगर के व्यापारियों के मांगो को लेकर हमेशा मुखर रहे।




रेजिडेंशियल हाउसहोल्ड के लिए सब्सिडी

| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि |
|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 |

* बैंक द्वारा 6.5% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध*

-: अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
Enquiry for Solar: 8120144402, 8120144403, 8120144404
For Electric Vehicle, Lithium Battery & Dealership: 7880090095

## खबर संक्षेप

### राधाकृष्ण कीर्तन मंडली ने मनाया हरियाली तीजोत्सव



**चांपा।** राधाकृष्ण मंडली चांपा द्वारा मंडली के सदस्य गायत्री ठाकुर के निवास परिसर मे हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। उत्सव को विविधता का रंग देते हुए कीर्तन मंडली के सदस्यों ने एक तरफ छत्तीसगढ़ी खेल फूगड़ी ,अटकन बटकन ,खेल का आनंद उठाया,तो दूसरी ओर उमंग उत्साह के साथ सावन के गीत संगीत और शिव भजन के धुन मे सामुहिक नृत्य किए। साथ ही फूलों से सजे झूला झूलने का भी आनंद लिया। इस अवसर पर उत्तरा थवाईत, कविता थवाईत, सोनी सोनी,किरण थवाईत, पुष्पा थवाईत,मंचू थवाईत,विजय लक्ष्मी सोनी लक्ष्मीन सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### वार्षिकोत्सव सह पुस्तक विमोचन सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** केरा कुल शुक्ल परिवार तुलसी, मिसदा, कनस्दा, नगारीडीह, भठली, बर्रा, केरा के द्वारा वार्षिकोत्सव, सह पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 3 अगस्त को सुबह 8.15 बजे से श्री विप्र भवन इमली पारा बिलासपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत के रुप में संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम, श्रीमती हर्षिता पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग छग सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग दिल्ली, डॉ. प्रदीप शुक्ल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद्, हिरामणि शुक्ल पूर्व विभाग संघ चालक एवं प्रान्तीय पदाधिकारी कर्मचारी संगठन उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सम्मान समारोह में सेवा निवृत्त कर्मचारियों एवं उपस्थित वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया जावेगा। सम्मान समारोह में छेदीलाल शुक्ल, चिरंजीव शुक्ल, श्याम नारायण शुक्ल, हर नारायण शुक्ल, आदित्य नारायण शुक्ल, डॉ. प्रकाश नारायण शुक्ल, श्री राम सेवक शुक्ल, श्रीमती मीरा शुक्ला, रघुवीर शरण शुक्ल, सुश्री सुनीता शुक्ल, रामस्वरूप शुक्ल, श्रीमती चेष्टा शुक्ला, रामकिशोर शुक्ल, बसंत शुक्ल, नवल किशोर शुक्ल, रजनीकांत शुक्ल, भूपेश शुक्ल, लोकेश शुक्ल, श्याम स्वरूप शुक्ल, योगेन्द्र शुक्ल, गजाधर शुक्ल, बंशीलाल शुक्ल, घनश्याम शुक्ल, भगवती शुक्ल, हरिहर शुक्ल, पदमन शुक्ल, शिवराम प्रसाद शुक्ल, संतोष शुक्ल, सुरेन्द्र शुक्ल, राजेन्द्र शुक्ल, हरप्रसाद शुक्ल, सुशील शुक्ल, श्रीमती अन्नपूर्णा शुक्ला, अशोक शुक्ल, बसंत शुक्ल, सुरेश चन्द्र शुक्ल, श्याम मणि शुक्ल, प्रमोद शुक्ल, विनय कुमार शुक्ल, मधुसूदन शुक्ल, ओमप्रकाश शुक्ल, अर्जुन शुक्ल, दिलीप शुक्ल, लक्ष्मी कान्त शुक्ल, झम्मन शुक्ल, बल्देव प्रसाद शुक्ल, डॉ. अशोक कुमार शुक्ल, अनिल कुमार शुक्ल, कोमल शुक्ल, डॉ. सुनील शुक्ल, रामकुमार शुक्ल, विरेंद्र कुमार शुक्ल, देवेंद्र शुक्ल का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खरौद, राहौद, बरपाली, बरबसपुर, हरदी, ऊलखर, खिलोरा के साथ ही ब्राह्मण परिवार के दूबे, चौबे, गौरहा, तिवारी, दीवान, मिश्रा, गुरुद्वान, समदरिया, पाण्डेय परिवार के एक एक व्यक्ति का सम्मान किया जावेगा।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 7वीं बार राज्य परिषद के सदस्य चुने गए शर्मा




**सक्ती।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के आठवें प्रदेश सम्मेलन में कामरेड अनिल शर्मा 7वीं बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परषिद सदस्य चुनें गए हैं । कामरेड अनिल शर्मा को कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता, संघर्षशील नेतृत्व और जन सरोकारों के प्रति उनके समपर्ण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के प्रदेश सम्मेलन के लिए केन्द्रीय पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य द्वय कामरेड श्रीमती एनी राजा तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी और केरल से राज्यसभा सांसद कामरेड पी. संदोष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में यह सम्मेलन अग्रवाल भवन रायपुर में हुआ। सम्मेलन में भाग हेतु सक्ती जिले से पांच प्रतिनिधियों का चयन किया गया था जिनमें कामरेड अनिल शर्मा के अलावा कामरेड रघुनंदन साहू, कामरेड चैतराम वारे, कामरेड गुड्डा देवांगन व कामरेड आकाश शर्मा शामिल थे।

### नवोदय विद्यालय में 11वीं कॉमर्स संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**हसौद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं कॉमर्स संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है। इस प्रवेश प्रक्रिया के लिए वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सी.बी.एस.ई., राज्य सरकार अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए हों एवं गणित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, साथ ही पात्र विद्यार्थियों की जन्मतिथि 1 जुलाई 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in से आवेदन कर सकते हैं।

## मरम्मत को लेकर विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# गढ्डों में खो गई सड़क, स्कूली बच्चों आम नागरिकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में रेलवे फाटक से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक की लगभग आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों में कीचड़ और पानी भर जाने से स्कूली छात्रों सहित आम नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी भी कोई बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किय जा सकता है। वहीं लोगों को हो रही परेशानी से संबंधित विभाग के अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क मरम्मत करने की मांग की है।

गौरतलब है कि देवरी-सारागांव पश्चिम मध्य रेलवे स्टेशन में चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य के अंतर्गत कई महीनों से निर्माण कार्य जारी है। साथ ही सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जिसके कारण सड़क किनारे पर मिट्टी के ढेर लगे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र - छात्राएं मिडिल व हाईस्कूल पढ़ने आते जाते हैं, वहीं आस पास के ग्रामीण रेल यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचते हैं। रेल निर्माण सामग्री ढोने वाले भारी हाइवा व ट्रेलर जैसे वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है। बारिश में बड़े बड़े गड्ढों



सड़क में जगह-जगह बने पोखरनुमा गड्ढे।



होकर पानी भरकर कीचड़युक्त हो जाने से राहगीर, विशेषकर स्कूली बच्चे, फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रारंभिक दौर में रेल्वे ठेकेदार द्वारा अस्थायी रूप से डस्ट डालकर सड़क की मरम्मत की गई थी, किंतु अब सड़क पुनः खराब होकर खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो ठेकेदार सड़क सुधार में रुचि ले रहे हैं, न ही विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं, जिससे स्कूली विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

### डोटमा से बरेकेलकला पहुंच मार्ग की हालत खराब



**बिर्रा।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोटमा से बरेकेलकला पहुंच मार्ग की हालत खराब हो गई है। यहां पर रिमझिम बारिश होने पर सड़क में चार पहिया वाहन तो दूर दो पहिया वाहन चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्राम देवरीमठ और डोटमा के ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के लिए ठेके ही पारित नहीं हुआ है। वहीं पर ठेकेदार के द्वारा सड़क को खुदाई किया उसके उपरांत भी उन्होंने कुछ स्थानों को बनाया है । वहीं पर जो अधूरे जगह रह गए हैं वहां पर तो फोर व्हीलर के साथ दू व्हीलर वहां भी चल नहीं सकता है । बड़े मुश्किल से ग्रामीण बाइक से आना जाना करते हैं। यदि कोई बाइक चालक अकेला हो तो वह उस मार्ग से गुजर नहीं सकता। उन्हें कीचड़ से सरोवर रहना पड़ेगा या फिर चोटील होकर उस रास्ते से गुजरना पड़ेगा। जर्जर सड़क पर सज्ञान लेते हुए नेताओं को ध्यान देना चाहिए ताकि देवरीमठ होते हुए डोटमा से बरेकेलकला पहुंच मार्ग सड़क का जीर्णोद्धार हो सके और आम जनता को आने-जाने में सुविधा मिल सके।




सामुदायिक शौचालय में लटका ताला।

# दिखावा साबित हो रहा सामुदायिक शौचालय, हमेशा लटका रहता है ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाजार के पास बनाए गए सामुदायिक शौचालय में हमेशा ताला लटका रहता है, जिसके चलते आने-जाने वाले लोगों, व्यापारियों सहित खरीददारों को प्रसाधन की समस्या से जूझना पड़ता है। इस तरह की समस्या विगत कई सालों से बनी हुई है, बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है।

■ व्यापारी एवं खरीददारी को होती है प्रसाधन की समस्या

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत बिर्रा में बाजार के पास मोहन फोटो स्टूडियो के पीछे तत्कालीन सरपंच द्वारा साढ़े तीन लाख राशि की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य किया गया है। बताया जाता है कि निर्माण कार्य होने के बाद से अब तक सामुदायिक शौचालय में ताला लगा हुआ है। किसी ने सामुदायिक शौचालय के ताला बंद रहने की जानकारी दी है किन्तु किस कारण से सामुदायिक शौचालय का ताला लगाया गया है इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे रहे हैं। वहीं बाजार के पास लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य किया गया है ताकि यहां आने वाले लोगों के साथ व्यापारियों एवं खरीददारों को प्रसाधन की सुविधा मिल सके, लेकिन सामुदायिक शौचालय में ताला लटके होने के चलते व्यवसायी व खरीददारों को परेशानी होती है। शौचालय में लागा ताला खोलने को लेकर ना ही जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि ध्यान दे रहे है और ना ही अधिकारी पहल कर रहे है, जिसके चलते व्यापारियों के साथ खरीददारी करने पहुंचे लोगों को प्रसाधन की समस्या जूझना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय सिर्फ दिखावा साबित हो रहा हे। ग्रामीणों का कहना है कि शीघ्र ही सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खोला गया तो वे उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## लायंस स्कूल में यातायात साइबर क्राइम पर संगोष्ठी




**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात एवं साइबर क्राइम पर एक जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा के एसडीओपी यदुमनि सिदार एवं टीआई कमलेश शिन्दे एवं लल्लन कुमार पटेल, स्कूल के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, सचिव राजेश अग्रवाल एवं अन्य समिति सदस्यगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सड़क सुरक्षा नियमों, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों एवं राहवीर योजना की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करते हुए, छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। अंत में लायन संतोष सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 1 लाख 33 हज़ार से अधिक किसानों को मिला 26 करोड़ 76 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार 2 अगस्त को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का हुआ वितरण

किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20वीं किस्त देशभर के किसानों को हस्तांतरण किया गया।

इस अवसर पर जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिले के किसानों ने सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इस योजना के प्रति संतोष व्यक्त करते




कार्यक्रम में उपस्थित किसनों को संबोधित करते अतिथि।

हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत ने बताया कि जिले के 133831 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि प्राप्त हुई है। जिसमें अकलतरा विकासखंड के 23323, बलौदा विकासखंड के 15456, बम्हनीडीह विकासखंड के 23076, नवागढ़ विकासखंड के 44743 एवं पामगढ़ विकासखंड के 27233 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 26 करोड़ 76 लाख 62 हजार रुपये प्राप्त हुई है। कार्यक्रम में इंदिरागांधी विश्वद्यालय के प्रबंध मंडल सदस्य श्रीमती जानकी चंद्रा, कृषि स्थाई समिति के सभापति राजकुमार साहू, उप संचालत कृषि ललित मोहन भगत, कृषि महाविद्यालय के प्रभारी डीन डॉ मनीष कुमार, बीडीसी मेम्बर नवागढ़ श्रीमती पुर्णिमा तंवर, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ राजीव दीक्षित एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### जिले के सभी विकासखण्डों में पीएम किसान दिवस का हुआ आयोजन

**सक्ती।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय पीएम किसान दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर सभागार जिला सक्ती में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़कर राशि का हस्तांतरण किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत सक्ती के सभापति श्रीमती विद्या सिदार, कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत सक्ती के सभापति टंकेश्वर पटेल, संचार एवं संकर्म समिति जनपद पंचायत सक्ती के सभापति सत्यप्रकाश महंत, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी व किसान उपस्थित थे। उप संचालक कृषि तरूण कुमार प्रधान ने कार्यकम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किये। उपसंचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले को 20वी किस्त के रूप 90947 कृषकों को राशि 24.34 करोड डीबीटी के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरण हुआ। जिसमें सक्ती 21390, मालखरौदा 21811 जैजैपुर 26389 एवं डभरा 21357 हितग्राही लाभांवित हुये। पी एम किसान दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय, विकास खण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर एवं वेबकास्ट के माध्यम से कृषकों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया है।

# चार माह से फरार चल रहे चार आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा पुलिस के द्वारा 4 माह से फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि 14 मार्च को लगभग दोपहर 1.30 बजे मंदिर चौक बम्हनीन में गांव के लोग डीजे बाजा बजाकर नाच रहे थे, जहां पर आरोपियों द्वारा कपड़ा फाड़ देने की मामूली बातों को लेकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाया, प्रार्थी सेम भारती निवासी बम्हनीन थाना अकलतरा की सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 88/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को मुखबिर सूचना के आधार से पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर प्रेम चंद्रमा ओग्रे उम्र 22 वर्ष निवासी बम्हनीन, शिवा ओग्रे उम्र 21



वर्ष निवासी बम्हनीन ,करण ओग्रे उम्र 25 वर्ष निवासी बम्हनीन,व्यंकटेश उम्र 25 वर्ष निवासी बम्हनीन थाना अकलतरा के द्वारा अपना अपना जुर्म स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्र.आर. शरीफुदीन, राकेश चतुर्थी, आरक्षक रामभरोस कश्यप, गौकरण राय कृष्णा पटेल का योगदान रहा।

# हरित कल के लिए प्रेरणादायी है पौरोपण : थवाइत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर के वार्ड नंबर 13 टिकरीपारा में स्थित ठाकुर देव मंदिर परिसर में 2 अगस्त को पर्यावरण संरक्षण समिति शिवरीनारायण के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें सौ से अधिक विभिन्न किस्मों के पौधे मुख्य रूप से आम,नीम, बरगद, पीपल,मोल श्री,जामुन सहित मुचकुंद के लगाए गए।

■ पर्यावरण संरक्षण समिति ने सौ से अधिक विभिन्न किस्मों के पौधे का किया रोपण

पौधारोपण कार्य में उपस्थित नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। एक हरित कल के लिए वृक्षारोपण का कार्य प्रेरणादायी हैं। पौधारोपण अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ना चाहिए। पौधे लगाकर ही कल को सुरक्षित किया जा सकता हैं। पर्यावरण संरक्षण समिति के पवन सुल्तानिया ने बताया कि हर साल हमारी समिति द्वारा सैकड़ों की संख्या में पौधारोपण किया जाता हैं।पौधों की संरक्षित रखने के लिए सभी पौधों में ट्री गार्ड लगाकर पौधे के बड़े होने तक संरक्षित किया जाता हैं। पौधों को पानी देने के लिए मजदूर की व्यवस्था की गई हैं ताकि कोई



पौधे मरे नहीं। पर्यावरण संरक्षण समिति लगातार पौधारोपण जैसे पुनीत कार्य में लगी हुई हैं। पौधारोपण कार्य में मुख्य रूप से योगेश शर्मा,निरंजन अग्रवाल, नारायण खंडेलिया, कार्तिक यादव,हिमांशु तिवारी, पार्षदों में स्नेह लता सोनी,सुधांशु तिवारी,ओम प्रकाश साहू, चेतन विक्की सोनी,योगेश आदित्य, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप साहू, ज्ञानेंद्र सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए हमेशा लगाएं हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालदेवरी

थाना बिर्रा अंतर्गत ग्राम तालदेवरी पंचायत भवन में 1 अगस्त शाम 5 बजें बिर्रा थाना प्रभारी द्वारा एक दिवसीय जागरूकता

■ ग्राम तालदेवरी में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि बिर्रा थाना प्रभारी जय कुमार साहू, अध्यक्षता ग्राम पंचायत तालदेवरी के सरपंच प्रतिनिधि सुकलाल सोनवानी ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि मुनी राम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत तालदेवरी, मनोज कुमार कश्यप पशु चिकित्सा अधिकारी बिर्रा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्री साहू ने मवेशियों को दुर्घटना ग्रसित होने से रोकने के लिए ग्राम वासी से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने मवेशियों को अपने घर में सुरक्षित जगह पर बांधकर रखें । अगर मवेशी मालिक अपने




जागरुकता कार्यशाला में ग्रामीणों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

मवेशियों को लापरवाही पूर्वक सड़क में छोड़ते हैं तो उनके उपर कानुनी कार्यवाही एवं अर्थ दंड का प्रावधान है। सड़क पर बैठ मवेशियों से खुद को बचाने के लिए दो पहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट पहने। मवेशी के पास आने पर वाहन की गति कम कर दें। आयोजन को सफल बनाने में इतवारी राम साहू, लहा राम साहू, परस आजाद पंच,मन्नु राम खुटे, गनपत खुटे पंच,चंद राम खुटे, सरोज कुमार यादव, झाड़ू राम मनहर, कमलेश्वर खुटे पंच,कोमल साहू,सढवा राम साहू सचिव ग्राम पंचायत तालदेवरी,चुरामणी साहू दिनेश कुमार साहू,पुनी राम साहू, सुन्दर साहू,गणेश राम खुटे, मोहनदास कोटवार सहित ग्राम रक्षा समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सर्व आदिवासी समाज 10 अगस्त को मनाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**डभरा।** 9 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस रक्षाबंधन होने के कारण सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को मनाया जाएगा। विदित हो कि 9 को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। तहसील डभरा में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। इस कारण डभरा के सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया है जो कि नगर पंचायत डभरा स्थित कृष्णा पैलेश में मनाया जाएगा। इस बार आयोजित कार्यक्रम में किसी भी पार्टी के नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया है।

